# मैं श्याम का दीवाना हूँ मेरा दुनिया में कोई और नहीं

मेरे श्याम से बढ़कर दुनिया में,
मैंने देखा कोई और नहीं,
मैं श्याम का दीवाना हूँ,
मेरा दुनिया में कोई और नहीं।bd।

---

श्री श्याम इस तरह ज़िंदगी में,
तेरा साथ चाहिए,
जैसे भीड़ में बच्चे को,
एक हाथ चाहिए,
सुनते हो तुम तो सबकी,
तीन बाण धारी,
चरणों में रखलो मुझको,
शीश के दानी।bd।

---

मेरे श्याम के दरबार में,
जो भी चल कर आता है,
वो हारे के सहारे का,
दीवाना बन जाता है,
आया हूँ बाबा दर पर,
बन कर भिखारी,
संभालो या बाबा बिगाड़ो,
मर्ज़ी है तुम्हारी।bd।

---

श्याम तुम्हारे चरणों की,
थोड़ी धूल जो मुझको मिल जाए,
एक पल में बाबा मेरे,
सारे संकट टल जाए,
हारे का सहारा तुम हो,
मेरे श्याम प्यारे,
गोविंद दीवाना तेरा,
मोर छड़ीं वाले।bd।

---

मेरे श्याम से बढ़कर दुनिया में,
मैंने देखा कोई और नहीं,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com